मध्य प्रदेश में नई औद्योगिक योजनाओं को स्वीकृति

*471. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्यन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई कौन-कौन सी नई औद्योगिक परियोजनाओं को चालू पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया है ;

(ख) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या कोई ऐसा प्रस्ताव स्वीकृति हेतु लंबित है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस प्रस्ताव को कब तक स्वीकृति दिए जाने की संभावना है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गमंग) : (क) और (ख) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए अपने योजना दस्तावेज के अनुसार मध्य प्रदेश की आठवीं योजना में वृहत तथा मध्यम उद्योग क्षेत्र के अन्तर्गत कोई नई स्कीम शामिल नहीं की गई है।

ग्राम तथा लघु उद्योग क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित नई स्कीमों को मध्य प्रदेश की आठवीं योजना में शामिल किया गया है :

विवरण

(लाख रु०)

स्कीम का नाम	परिव्यय
1. शहतूत रेशम उत्पादन विस्तार विकास कार्यक्रम	702.16
2. हस्तशिल्प वस्तुओं के लिए आवट्रॉय सुविधाएं	4.50
3. हस्तशिल्पी व्यक्तियों के लिए ब्याज सब्सीडी का पुनर्भुगतान	2.31
4. प्रशासनिक भवन (एच एस बी एन) का विस्तार	25.00
5. हस्तशिल्प सोसायटी तथा सहकारिता के लिए वित्तीय सहायता	15.00
6. संस्थानों तथा सोसायटियों को प्रबंधकीय सहायता	190.00
7. चमड़ा उद्योग	140.80
जोड़ :	1079.77

(ङ) जी, नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

वार्षिक योजना में संसाधनों की कमी

472. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला :**

श्री ईश दत्त यादव :

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को वर्ष 1995-96 के लिए संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ रहा है ;